हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 14 नवंबर 2025

06 टूटी पड़ी सड़कें, सड़कों पर बहता गंदा पानी और...



07 अपने ही घर में अभागे गजानन, लापरवाही...






## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजन आज

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में धरती आवा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का समापन वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में 14 नवंबर को सुबह 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय के प्रो. सखाराम मुजाल्दे तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. डी. एस. राजपूत, प्रो. डी. के. नेमा एवं प्रो. अजीत जायसवाल रहेंगे। कार्यक्रम निदेशक कुलसचिव डॉ. एस. पी. उपाध्याय एवं समन्वयक अर्थशास्त्र विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. केशव टेकाम हैं एवं सह समन्वयक डॉ. राजीव खलखो, डॉ. जयंती सिंह, डॉ. शासना योमसो, डॉ. क्रिस्टोफर गुंजन हैं।

### छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन 19 नवंबर तक आमंत्रित

**सागर।** कार्यालय आयुक्त, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण भोपाल के संदर्भ में बताया गया है कि पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु रिक्त 17 सीटों के विरुद्ध योजना नियम एवं प्रावधानों के तहत पात्र अभ्यर्थियों के चयन के लिए संशोधित विज्ञप्ति जारी की गई है। संशोधित विज्ञप्ति के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 19 नवंबर निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी मध्यप्रदेश स्टेट स्कॉलरशिप पोर्टल पर 19 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित शर्तें, पात्रता एवं आवश्यक दिशा-निर्देश विभाग की वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### नगर निगम आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक ली

**सागर।** नगर निगम की सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण हेतु नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में निगमायुक्त ने भवन भूमि, लोककर्म, प्रकाश विभाग, जलप्रदाय, स्वास्थ्य विभाग, जन्म-मृत्यु, पेंशन, योजना, स्थापना, राजस्व सहित सभी विभागों के अधिकारियों एवं इंजीनियर्स को निर्देश दिए कि नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी स्थल पर जाकर समस्याओं का समाधान करें तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करने के बाद ही शिकायत को बंद करें। निगमायुक्त ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जिसके माध्यम से नागरिक सीधे अपनी समस्याएं दर्ज कराते हैं। अतः प्रत्येक शिकायत को गंभीरता एवं प्राथमिकता से लेकर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए।

### कलेक्टर के निर्देश पर विद्यालयों का निरीक्षण लगातार जारी

**सागर।** जिले में शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए है कि शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक अमला समय पर विद्यालयों में उपस्थित हो इस हेतु विद्यालयों का लगातार औचक निरीक्षण किया जाए। इसी प्रकार शासकीय विद्यालयों में कार्यरत लोकसेवकों को ई-अटेन्डेंस लगाये जाने के संबंध में निर्देशित किया।

**सागर के आठ हजार से अधिक किसानों को हस्तांतरण की गई बीस करोड़ रुपए से अधिक की राशि**

# भाव का अंतर भावांतर की राशि देने का का कार्य मध्य प्रदेश में हो रहा हैः जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




मध्यप्रदेश की सरकार किसानों के कल्याण और उनको समृद्ध बनाने के लिए संकल्पित है। उक्त विचार नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने सागर कृषि मंडी में भावांतर योजना के अंतर्गत राशि हस्तांतरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, श्याम तिवारी, नीरज सिंह, शैलेंद्र सिंह, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, एसडीएम अमन मिश्रा, संचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, राघवेंद्र सिंह सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी सहित बड़ी संख्या में किसान भाई मौजूद थे।

विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा किसानों के कल्याण एवं उनका समृद्ध बनाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान भाई देश की आत्मा है और देश की आत्मा किसान के हृदय में बसती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा किसानों के कल्याण के लिए जहां गांव में सड़क बनाने का कार्य किया जा रहा है वहीं भावांतर की राशि देकर उनको उपज का सही मूल्य भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा प्रदेश की किसानों के लिए 233 करोड़ की राशि भावांतर योजना के अंतर्गत प्रदान की जा रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि भाव का अंतर भावांतर की राशि पूरे देश में मध्यप्रदेश में किसानों के लिए प्रदान की जा रही है इस राशि से हमारे किसान भाइयों उपज का सही मूल्य प्रदान होगा राजपूत ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा किसानों को समृद्ध करने के लिए आनेक योजनाएं प्रारंभ की है जिसमें 12000 की सम्मान राशि के माध्यम से उनको सम्मानित किया जाता है। साथ में गांव-गांव सड़क बनाने का कार्य, तालाब, स्कूल बनाने का कार्य, बेटियों की शादी करने का कार्य, लाडली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित करने का कार्य, स्कूल में साइकिल, लैपटॉप, स्कूटी प्रदान करने का कार्य भी सरकार के द्वारा किया जा रहा है। श्री राजपूत ने कहा कि जब किसान समृद्ध होगा तब देश समृद्ध होगा इसलिए सरकार लगातार किसानों को समृद्ध बनाने का कार्य कर रही है।

श्याम तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का संकल्प है कि हमें प्रदेश के सभी किसानों को समृद्ध बनाना है और उनको आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा किसानों को किसान सम्मान निधि देकर लाभान्वित भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के 1.33 लाख किसानों को 233 करोड़ रुपए की भावांतर राशि का अंतरण किया। देवास में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माधम से राशि अंतरित की।

सागर में 24 अक्टूबर से 7 नवंबर तक 8085 किसानों के द्वारा 155748 क्विंटल सोयाबीन का विक्रय किया गया जिसमें उनको आज 20 करोड़ 37 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई।



## जलप्रदाय विभाग व आपकी महापौर आपके द्वार जनचौपाल कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी ने जलप्रदाय विभाग एवं आपकी महापौर आपके द्वार जनचैपाल में प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही हेतु सभी विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में महापौर ने जलप्रदाय विभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि टाटा कंपनी द्वारा डबल पाईप लाईनों से की जा रही पेयजल सप्लायी को बंद करने के लिये 15 दिन का समय मांगा गया था। उस पर क्या कार्यवाही की गई। टाटा कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि डबल लाईनों को बंद करने के कार्य में और अधिक समय लग सकता है इसलिये 1 माह का समय दिया जाय जिसपर महापौर ने कहा कि एक माह का समय इस शर्त पर दिया जा रहा है कि जिन स्थानों पर डबल पाईप लाईनों से पेयजल की सप्लायी किये जाने से पानी का अपव्यय हो रहा है वह पूर्ण रूप से बंद होना चाहिये। इसके बाद अगर डबल पाईप लाइनों से पेयजल की सप्लायी की गई और पानी का अपव्यय होता है तो टाटा कंपनी के अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जावेगी। डायरेक्ट बूस्टिंग द्वारा विभिन्न स्थानों पर की जा रही सप्लायी के सबंध में जानकारी दी गई कि जिन स्थानों पर अति आवश्यक होगा वहॉ पर ही डायरेक्ट बूस्टिंग से सप्लायी की जायेगी, अन्य स्थानों पर नहीं होगी। टाटा कंपनी द्वारा बिल वितरण के संबंध में निर्णय लिया गया कि, कर संग्राहकों के साथ सर्वे किया जाये और जनवरी तक सभी विसंगतिया दूर करके बिल वितरण का कार्य प्रारंभ किया जाये। पेयजल का टाईम टेबिल निर्धारित करने के संबंध में टाटा के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को फायनल टाईम टेबिल कर प्रस्तुत कर देंगे। राजघाट पर तकनीकी समस्या के कारण पेयजल की सप्लायी प्रभावित होती है तो उसकी सूचना देने के लिये व्हाट्सएप पर ब्राडकास्टिंग चैनल बनायेंगे जिसकी लिंक भेजकर जनता ग्रुप ज्वाइंन करेगी और जब पेयजल की सप्लायी होती है तो उसकी सूचना ग्रुप पर भेज दी जायेगी। महापौर ने आपकी महापौर आपके द्वार जनचैपाल कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि लोककर्म शाखा के अंतर्गत जो अति आवश्यक कार्यो के आवेदन प्राप्त हुये है उनको तत्काल प्राक्कलन तैयार किया जाये, इसके अलावा योजना शाखा, प्रकाश विभाग, जलप्रदाय, बी.एल.सी.स्वास्थ्य विभाग, राजस्व सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदन संबंधित शाखा में भेजकर नागरिकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करें।



## जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में मेहंदी और चित्रकला प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस 2025 के उपलक्ष्य में मेहंदी और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.घनश्याम भारती ने की। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया । प्रतियोगिताओं का विषय जनजातीय कला और जनजातीय संस्कृति रखा गया। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कविता कुर्मी बी.ए.तृतीय वर्ष, स्तुति कुर्मी बी. एससी. तृतीय वर्ष,द्वितीय स्थान अलीशा खान बी.एससी.प्रथम वर्ष,कामिनी रैकवार बी.ए.प्रथम वर्ष,तृतीय स्थान मुस्कान पटेल बी.एससी.द्वितीय वर्ष, द्रोप्ति विश्वकर्मा बी.ए. द्वितीय वर्ष और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राखी काछी बी.एससी. द्वितीय वर्ष, प्रियंका विश्वकर्मा बी.ए.तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान गीता गोंड बी.कॉम.प्रथम वर्ष,मोना कोरी बी.ए.तृतीय वर्ष,तृतीय स्थान दामिनी लोधी बी.ए.प्रथम वर्ष,सीता पटेल बी.ए.प्रथम वर्ष अर्चित शर्मा बी.एससी.प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में जनजाति गौरव दिवस प्रभारी सुश्री आकृति खरे के साथ सुश्री ममता अहिरवार, सुश्री सुरभि सोनी, सुश्री सुमन कुमारी, सुप्रिया जैन, आस्था दुबे, रचना जैन, सुश्री रजनी चौदहा,डॉ. मेघा सिंह, पुष्पेंद्र वर्मन सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नव नियुक्त आगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को अविराज सिंह ने नियुक्ति पत्र सौंपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



युवा नेता अविराज सिंह ने सागर स्थित विधायक कार्यालय में खुरई और मालथौन ब्लाक की नवनियुक्त 6 आगनबाड़ी कार्यकर्ता और 34 आगनबाड़ी सहायिकाओं को आदेश पत्र सौंपे। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय में नव नियुक्त आगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को युवा नेता अविराज सिंह द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे गये। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विकास विभाग के जिला परियोजना अधिकारी भरत सिंह राजपूत, खुरई ब्लॉक की परियोजना अधिकारी वर्षा रघुवंषी एवं मालथौन ब्लाक की परियोजना अधिकारी संयोकिता राजपूत उपस्थित थीं।

विकासखंड मालथौन आगन बाड़ी कार्यकर्ता अंशिका राजा इटवा, हरकुवंर अहिरवार राम छायरी, वैषाली चाचौंदिया मड़यि माफी, आयुशी जैन बेसरा, चाहनी नामदेव पिठौरिया-1, एवं आगन बाड़ी सहायिका पार्वती कुशवाहा मालथौन-4, दीपशिखा राय मालथौन-8, संतोषी लोधी हडुआ, खुशबू सिंह लोधी उमरई, बेबी कुमारीबीकोरखुर्द, संतोषी गंभीरिया, हेमलता मिश्रा नौनिया, संजना छारी लिधौरा, मीना यादव पाली रैयत वारी, निषा राय रजवांस-5, रानी लोधी रतनपुर, कल्पना लोधी मुहली खुर्द, रेशू राजपूत बड़ोईया, शगुन्तला जामुनढाना, शालिनी लोधी बांदरी-3, मनीषा लोधी बांदरी -5, कॉजल राजपूत सेमराजामूदीप, जया मिश्रा पीरई, षिवानी वासुदेव ढाबरी, वर्षा ठाकुर हनौता, प्रियंका तिवारी बेलाखेड़ा, मनीषा लोधी चौका, सीता साहू खिरियाकलां-1, अर्चना कुशवाहा सीपुरखुर्द तथा विकासखंड खुरई आगनबाड़ी कार्यकर्ता जयश्री अहिरवार कोहा, एवं आगनबाड़ी सहायिका अंजली दांगी बाड़ौली, पूजा दांगी रहरोन, अंषुल अहिरवार पथरियाजेगन, रिंकी राय मुहलीबुजुर्ग-1 सरदार बल्लभ भाई पटैल वार्ड खुरई, प्रियंका अहिरवार मैन्शी, स्वाती चढ़ार बघोरा, करिश्मा अहिरवार मुड़यि कुबेर, सरोज अहिरवार भीलोन, अमृता दांगी उरदोना, महिमा ठाकुर चंद्रशेखर आजाद वार्ड खुरई, को नियुक्ति पत्र सौंपे गये।

## बुंदेलखंड विकास मंच सागर ने श्रद्धांजलि दी



**सागर।** दिल्ली में आतंकवादियों द्वारा किए गए कार विस्फोट से मृत हुए 12 भारतीयों की आत्मा की शांति हेतु गोपालगंज बुंदेलखंड विकास मंच सागर द्वारा झंडा चौक गोपालगंज में शोक सभा और श्रद्धांजलि सभा रखी गई। केंडिल जलाकर शोक जताया गया। यू एस पांडे, बसंत श्रीवास्तव, गणेश सैनी, राजेन्द्र मिश्रा, रामकरण रावत, राजीव श्रीवास्तव, राजू स्वर्ण कार, उमाशंकर रवि विनोदे, किशन सेन, सोमेंद्र शुक्ला, अजय पुरम, गुरुकांत तिवारी, सुधीर तिवारी, नवीन सक्सेना, नरेंद्र चौरसिया, मुकेश मिश्रा, नरेश चौरसिया, गणेश सेन, सौरभ दुबे, रामचरण शास्त्री, शिवम तिवारी, राजकुमार रजक, लच्छू, अनिल पांडे, डॉ.अभय सिंह ठाकुर और रमाकांत मिश्रा शास्त्री सहित वार्ड वासियों ने अपनी श्रद्धांजलि दी।

## युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के पद पर यश घनघोरिया की ताजपोशी पर सागर में मनाया जश्न, आतिशबाजी व ढोल-नगाड़ों से गूंजा शहर



**सागर।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में यश घनघोरिया के निर्वाचन की सूचना मिलते ही पूरे सागर शहर में उत्साह का माहौल बन गया। गुरुवार शाम युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने शहर के तीनबत्ती चौराहे पर एकजुट होकर विजय उत्सव मनाया। ढोल-नगाड़ों की थाप और आतिशबाजी के बीच कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां वितरित कीं और एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेसजनों का उत्साह चरम पर रहा। जश्न की शुरुआत जिला युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित शहर अध्यक्ष सागर साहू जिला उपाध्यक्ष आदित्य चौधरी नरयावली विधानसभा उपाध्यक्ष आकाश तोमर प्रदेश सचिव अक्षय दुबे सुरखी विधानसभा अध्यक्ष प्रणय राजपूत जिला उपाध्यक्ष चक्रेश रोहित ब्लॉक अध्यक्ष रितेश विश्वकर्मा जिला महासचिव आशू राईन उपाध्यक्ष राजा पठान ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम रोहित आदि द्वारा शहर के गौरव, शिक्षाविद् डॉ. हरिसिंह गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई। इसके बाद जिला शहर कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यकर्ताओं ने यश घनघोरिया के नेतृत्व में संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## खुरई में मतदाताओं को किया गया मतदाता गणना पत्रक का वितरण

**सागर।** निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के मार्गदर्शन में एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर जाकर समस्त अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी द्वारा गणना पत्र का वितरण किया जा रहा है और एवं मतदाताओं से आवश्यक जानकारी लेकर गणना पत्रक को पूरा कराया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में अपर कलेक्टर अविनाश रावत आज खुरई पहुंचे जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ खुरई की विभिन्न वार्डों में जाकर मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे के संबंध में जानकारी ली एवं गणना पत्र का वितरण भी किया। अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम समय सीमा में पूरा किया जाना है। उन्होंने बताया कि खुरई में मतदाताओं से चर्चा की और उनको मतदाता गणना पत्रक का वितरण कराया गया। उन्होंने मतदाता गणना पत्रक में आ रही समस्याओं को लेकर भी बूथ लेवल अधिकारियों से चर्चा की और उनका निराकरण कराया ।



## सांदीपनि विद्यालय में बाल मेले का आयोजन छात्रों ने जीवन कौशल के गुर सीखे

**रहली।** सांदीपनि विद्यालय रहली (माध्यमिक विभाग) में बाल दिवस के पूर्व बाल कैबिनेट द्वारा शिक्षको के मार्गदर्शन में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में छात्रों द्वारा स्वनिर्मित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के 27 स्टाल एवं रोचक खेल के 2 काउंटर लगाए गए। इस अवसर पर छात्रों एवं अभिभावकों में गजब का उत्साह देखा गया। छात्रों की दुकानों हेतु लाटरी के माध्यम से स्टाल का आवंटन शिक्षक अभिषेक शर्मा एवं उमेश पाल द्वारा किया गया। सामग्री का विक्रय टोकन के माध्यम से किया गया, खरीददार के रूप में अभिभावक, छात्र, शिक्षक शामिल हुए। जिन्होंने अपने मनपसंद स्टाल पर जाकर व्यंजनों का आनंद लिया। छात्रों ने पुरानी परंपराओं को जीवंत करते हुए लब्दों, बेर, मकोरा, फुल्की, भेल, चाय, चना, समोसा, इडली, नमकीन, ब्रेड पकौडा सहित विभिन्न स्टाल लगाए । कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य दिलीप चौबे संस्था के प्रधानाध्यापक संजय खरे प्राथमिक शाला प्रभारी नीरज नेमा ने रिबिन काटकर एवं माँ सरस्वती व श्रीगणेश पूजन से किया। कार्यक्रम प्रभारी संजय खरे ने बताया कि मेला विगत वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्वयं से ही विभिन्न जीवन कौशलों को सीखना है। छात्रों को जीवन मूल्यों', क्रय विक्रय का सत्य व्यवहार, सामाजिक व्यवहारिकता का विकास, आपली सहयोग की भावना, स्वच्छता व शुद्धता के प्रति जागरुकता, स्वास्थ व संतुलित आहार की जानकारी एवं व्यापार के विभिन्न पहलुओं की जानकारी से अवगत कराया गया। मेले में छात्रों एवं अभिभावकों की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़,मोमबत्ती जलाना गुब्बारे सबसे कम समय में फुलाना, उल्टी चाल शामिल रहा। प्रथम स्थान नेहा हज़ारी, दिलीप चौबे और संतोष जैन ने प्राप्त किया। विजेताओं को शाला द्वारा पुरुस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य दिलीप चौबे प्रधान अध्यापक संजय खरे नीरज नेमा, कमल जैन, सचिन विश्वकर्मा, पप्पू केवट, आकिल खान, राजाराम चौधरी, सोमेश तिवारी, गोविंद ठाकुर, सलामत खान, लकी लक्षकार, कमलेश चौबे, अभिषेक शर्मा, अतुल श्रीधर, उमेश पाल, तारा प्रजापति, ज्योति राजावत, सरोजिनी अग्निहोत्री, ज्योति सिपोल्या, हुमेरा खान, अजय खरे, बाल केबिनेट सदस्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षक अभिभावक उपस्थित रहे।

**विचार समिति द्वारा संचालित मनेसिया गांव के इस विद्यालय में छह गांव के 90 बच्चे पढ़ते हैं**

# विचार संस्कार विद्यालय के बच्चों को वैदिक गणित की शिक्षा से जोड़ा जाएगा: मलैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मनेसिया गांव में विचार समिति द्वारा संचालित विचार संस्कार विद्यालय में अब वैदिक गणित की शिक्षा शुरू की गई है। यह विद्यालय इंग्लिश मीडियम में संचालित है तथा नर्सरी से लेकर पाँचवीं कक्षा तक एमपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त है, जहां छह गांवों के 90 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यालय की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. रविकांत वाजपेयीजुला ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को वैदिक गणित की पुस्तकें वितरित कीं। डॉ. वाजपेयीजुला अब तक 26 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं और पिछले डेढ़ वर्ष से अपने विद्यालय के शिक्षकों को वैदिक गणित का प्रशिक्षण दे रहे हैं। डॉ. रविकांत वाजपेयीजुला ने कहा कि वैदिक गणित का प्रयोग चंद्रयान-2 जैसे अभियानों में भी किया गया था और आज अनेक वैज्ञानिक इसका उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी जैसी जटिल गणनाओं में भी वैदिक गणित का सहारा लिया जाता है। यदि बच्चे इसे प्रारंभ से सीखेंगे तो उन्हें आगे पढ़ाई में कोई कठिनाई नहीं होगी।

विचार समिति के अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि विचार संस्कार विद्यालय में वैदिक गणित की शिक्षा विधिवत रूप से प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने कहा, यह भले ही एक छोटा कदम लगे, लेकिन इसके परिणाम बहुत बड़े होंगे, क्योंकि यह हमारी पुरातन और उत्कृष्ट भारतीय शिक्षा पद्धति पर आधारित है। समिति कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने कहा विचार संस्कार विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा का उजाला लेकर आया है। वैदिक गणित जैसी प्राचीन भारतीय विद्या से बच्चों की गणनात्मक क्षमता और आत्मविश्वास दोनो बढ़ेंगे।

ग्रामवासी मोहन पवार ने कहा कि पहले हमारे गांव में बच्चों के पढ़ने की कोई अच्छी व्यवस्था नहीं थी, लेकिन कपिल भैया ने विचार संस्कार विद्यालय खोलकर हमारे बच्चों को बड़ी सुविधा दी है। अब छह गांवों के बच्चे यहां पढ़ने आते हैं और आज वैदिक शिक्षा की भी शुरुआत हुई है, जिससे हम सभी ग्रामवासी बहुत खुश हैं।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य साक्षी दांगी, शिक्षक खुशबू, रागनी, दीक्षा दांगी, अभिलाषा, पार्वती सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बार पुलिस ने खोए फोन लौटाए

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में थाना बार पुलिस ने गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। पुलिस ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर आवेदक के प्रपत्रों को अपलोड करके, मोबाइल के आईएमईआई नम्बरों को रन कराया गया। सम्बंधित एजेंसियों से प्राप्त डेटा अवलोकन व विश्षलेषण से जानकारी पर दोनों फोन बरामद किये गये। फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बार अजमेर सिंह भदौरिया, क.ऑ.राहुल रॉय शामिल रहे।

### मंडी चौकी पुलिस ने ईनामियां गैंगस्टर दबोचा

**ललितपुर।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के निर्देश, एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन व एएसपी कालू सिंह व सीओ सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों को पकडऩे के लिए चलाये जा रहे अभियान में कोतवाली क्षेत्र की गल्ला मण्डी चौकी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हांसिल हुयी है। चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान पच्चीस हजार रुपये का ईनामियां गैंगस्टर मोहल्ला पिसनारी निवासी अभिषेक विश्वकर्मा पुत्र कैलाश नारायण को धर दबोचा है। गैंगस्टर को पकडऩे वाली पुलिस टीम में मण्डी चौकी प्रभारी उ.नि. अरूण कुमार सिंह, हे.कां. मुकेश कुमार, कां.लोकेन्द्र सिंह शामिल रहे।

### दामाद ने लापरवाही से चलाई बाइक, नहर में गिरा साला

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खांदी के मजरा बागन्नी में रहने वाली वीरन पुत्र मल्थू ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 17 अक्टूबर को सुबह करीब 6.15 बजे उसका पुत्र रोहित व दामाद करन मोटरसाइकिल एच.एफ.डीलक्स से थाना गांव जा रहे थे। मोटर साइकिल को दामाद झांसी के बड़ागांव निवासी करन पुत्र वीरन चला रहा था और उसका पुत्र रोहित पीछे बैठा हुआ था। बताया कि वह जैसे ही ग्राम बिगारी नहर पुलिया के पहुंचे तो दामाद द्वारा गाड़ी तेज व लापरवाही से चलायी, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी नहर में जा गिरी और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। इसके अलावा उसके पुत्र को सिर में गंभीर चोट आयी और पसलियां टूट गयी। तभी पीछे से स्कूटी से आ रहे भतीजे प्रदीप व पुत्री बबली ने देखा और एम्ब्युलेंस से सरकारी अस्पताल तालबेहट लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान सिर में गंभीर चोट होने के चलते झांसी रेफर कर दिया गया, जहां से उन्होंने अपने पुत्र को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालात में सुधार न होने के चलते ग्वालियर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसके पुत्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वीरन की तहरीर पर बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शाक भाजी खेती करने के इच्छुक किसान आमंत्रित

**ललितपुर।** जनपद के समस्त कृषक जो शाकभाजी की खेती हेतु इच्छुक हैं। ऐसे कृषकों को बीज उपलब्ध कराने हेतु राजकीय चन्द्रशेखर पार्क कम्पनी बाग ललितपुर में दिनांक-14, नवम्बर-2025 दिन शुक्रवार को मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मेले में शासन द्वारा उद्यान विभाग में इम्पैनल्ड 19 शाकभाजी बीज निर्माता कम्पनियों को आमंत्रित किया गया है। मेले में प्रतिभागी कृषकों को कम्पनियों द्वारा शाकभाजी / मसाला/पुष्प फसलों का बीज कृषकों को काइन्ड डी०बी०टी० के रूप में निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। बीज प्राप्त करने हेतु इच्छुक कृषक विभागीय बेवसाइट पर पंजीकरण कराकर एकीकृत बागवानी मिशन योजना अन्तर्गत शाकभाजी कार्यक्रम का चयन कर आवेदन कर सकते हैं।

## नपाध्यक्ष ने किया सिद्धंनपुरा का निरीक्षण, जानी जमीनी हकीकत

# टूटी पड़ी सड़कें, सड़कों पर बहता गंदा पानी और बजबजाती नालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शहर के विकास एवं स्वच्छ सुन्दर बनाये जाने के उद्देश्य से रोस्टर जारी कर चलाये जा रहे अभियान में मोहल्ला सिद्दनपुरा वार्ड नं. 01 का नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने निरीक्षण किया। लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं व सुझावों को जाना। नपाध्यक्ष ने संबंधित एसआई को मोहल्ले में नियमित रूप साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने एवं अवर अभियंता को सड़कों की मरम्मत व वार्ड में जहां पर सड़के नहीं डली हुई है उन्हें आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखकर बोर्ड की स्वीकृत कराते हुए सड़कों के निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये गये। वहीं मुख्य स्टोर लिपिक को मोहल्ले में स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत कराये जाने एवं खाली पड़े विद्युत पोलों पर स्ट्रीट लाईट लगवाते हुए प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान मोहल्लेवासियों व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि वार्ड में स्थित शमशान घाट पर जो कर्मचारी तैनात है, वह नियमित रूप से नहीं आता है और न ही उसके द्वारा कोई कार्य किया जा रहा है, जिस पर अध्यक्ष द्वारा तत्काल उक्त कर्मचारी को हटाये जाने के निर्देश दिये गये। सिद्दनपुरा में नपाध्यक्ष ने मोहल्लेवासियों से समस्याओं को सुना एवं साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया, जिस पर मोहल्लेवासियों ने अवगत कराया कि मोहल्ले में डोर टू डोर कचरा वाहन कभी कभी आता है. कभी नहीं आता है, जिस पर अध्यक्ष ने फटकार लगाते हुए नियमित रूप से वाहन डोर टू डोर भेजे जाने के निर्देश दिये। वार्ड में स्थित नेन्सी गार्डन के पास एक प्लाट में कचरा पाया गया व नालियां चौक पाई गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा तत्काल जे.सी.बी. से उक्त कचरे को हटाये जाने एवं संबंधित प्लाट मालिक के विरूद्ध नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये। मोहल्ले में अनेक सड़के क्षतिग्रस्त पाई गई व कई गलियों में सड़के नहीं पाई गई, जिस पर मोहल्लेवासियों द्वारा अध्यक्ष को अवगत कराया गया, अध्यक्ष द्वारा अवर अभियंता एवं लिपिक को समस्त गलियों को नोट कराया गया, साथ ही निर्देशित किया कि समस्त गलियों में जहां-जहां थोड़ी बहुत समस्या है उसे 07 दिवस के अदर दूर करा दें, जिन गलियों में सड़के नहीं डली हुई है उन्हें आगामी बोर्ड बैठक के दौरान प्रस्ताव में रखकर बोर्ड की स्वीकृति कराते हुए समस्त सड़कों को ठीक कराया जाये। वहीं मोहल्ले में निरीक्षण के दौरान अनेक गलियों में खंबे लगे पाये गये, लेकिन उन पर स्ट्रीट लाईटें नहीं पाई गई व कहीं-कहीं गलियों में स्ट्रीट लाईटें खराब पाई गई, जिस पर अध्यक्ष महोदया द्वारा संबंधित लिपिक को तत्काल प्रभाव से समस्त लाईटों की मरम्मत कराये जाने एवं जहां पर प्रकाश व्यवस्था नहीं है उस स्थान पर स्ट्रीट लाईटें लगाये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जल निगम द्वारा अनेक जगह पाईप लाईन डालते समय रोड को क्षतिग्रस्त कर दिया है व कई जगह पाइप लाईन तो डाली है, लेकिन मोहल्ले में पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है, जिस पर अध्यक्ष द्वारा जल सस्थान के अधिशासी अभियंता एवं अन्य अधिकारियों से वार्ता करते हुए मोहल्लेवासियों की समस्याओं का तत्काल रूप से निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये।

## नागरिक विकास मोर्चा ने जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन

# सम्बद्धीकरण समाप्त कर शिक्षकों को मूल स्थान भेजने की मांग



**ललितपुर।** शिक्षा विभाग में चल रहे शिक्षकों के सम्बद्धीकरण को समाप्त कर शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किये जाने की मांग को लेकर नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव ने शिक्षकों के सम्बद्धीकरण को समाप्त करने की निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में निक्षकों का पूरी तरह सम्बद्धीकरण समाप्त नहीं किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अफसरों ने विभागीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने के लिए कुछ शिक्षकों को ही मूल विद्यालय भेजा है, जबकि अनेक शिक्षकों का अभी भी कार्यालय एवं विद्यालय में सम्बद्धीकरण बना हुआ है। इसका ताजा उदाहरण जीजीआईसी ललितपुर है। जीजीआईसी तालबेहट की प्रधानाचार्य को जीजीआईसी ललितपुर में अटैच किया गया है। इस कारण सम्बद्धीकरण डेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में अनेक जगहों पर देखा जा रहा है। इससे अपर मुख्य सचिव शिक्षा की मंशा पर पानी फिर रहा है। वहीं, कोतवाली के सामने पीएन इंटर कॉलेज में नगर पालिका का नया भवन बनाने के लिए नगर पालिका की अधिकारी कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं। यदि पी.एन.इंटर कॉलेज में नगर पालिका का नया भवन बनता है तो वाहन पार्किंग एक बड़ी समस्या बन जाएगी, क्योंकि यहां चार पहिया वाहनों को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। साथ ही कॉलेज की कक्षाएं संचालित करने की भी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। बता दे कि राजकीय इंटर कॉलेज के पास जो पीएन इंटर कॉलेज का भवन है, उसमें पहले से कक्षा संचालन की समस्या है। यदि कोतवाली के मामने संचालित कक्षाओं को स्थानांतरित किया गया तो कॉलेज प्रधानाचार्य के समक्ष कक्षा संचालन की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारी से सम्बद्धीकरण को लेकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

# दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन




**ललितपुर।** प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, ललितपुर द्वारा ग्राम पंचायत गिरार विकास खण्ड-मड़ावरा में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 30 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया जिनको खाद्य संरक्षण साहित्य एवं अन्य सामग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित डा. दिनेश चन्द्र उपाध्याय, प्रधानाचार्य खाद्य विज्ञान, झाँसी ने दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण योजना की प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण के उपरान्त स्वरोजगार हेतु सूक्ष्म इकाई स्थापना कर रोजगार कैसे प्राप्त करें इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया सूक्ष्म इकाई स्थापना हेतु बैंक से ऋण पर विभाग द्वारा रू. 1.00 लाख का अनुदान दिया जायेगा। डा. लक्ष्मीकान्त मिश्रा, प्रोफेसर नेहरू महाविद्यालय (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण) ने प्रशिक्षार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण की उपयोगिता एवं महत्व की जानकारी विस्तृत रूप से दी। श्री कुंजबिहारी शर्मा डायरेक्टर फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी ने प्रशिक्षार्थियों को छोटे-छोटे खाद्य प्रसंस्करण के लघु उद्योग स्थापना की जानकारी दी जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों की आय दोगुनी हो सके व स्वरोजगार प्राप्त कर सके। कार्यवाहक प्रभारी श्री पुरूषोत्तम नारायण ने प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जी संरक्षित करने की विधि एवं बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम उपरान्त श्री देवी सिंह ग्राम प्रधान ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण सेमिनार में दी जानकारी



**ललितपुर।** माता सुकेता महिला मत्स्य पालन सशक्तिकरण के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण सेमिनार में शामिल हुए वरिष्ठ अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह उपनिदेशक मत्स्य विभाग झांसी डा.मोहम्मद इकबाल खान, सेवानिवृत्त शरद कुमार तिवारी, बीपी सिंह मत्स्य विभाग, कुशाल सिंह, आशीष कुमार, जोगिंदर सिंह आदि मौजूद रहे। ललितपुर मत्स्य विभाग में एक सिविल का आयोजन किया गया, जहां पर मत्स्य विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें जिले की मछुआ समुदाय की करीबन 200 महिलाओं ने बढ़कर का हिस्सा लिया। मछुआ समुदाय के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त की सबसे अच्छी योजना मत्स्य विभाग की मत्स्य दुर्घटना बीमा योजना है, जो निशुल्क कराई जा रही है। यह महिलाओं को जानकारी जैसे ही मिली वैसे ही महिलाओं ने अपने आधार कार्ड एक फोटो और मोबाइल नंबर देकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। मत्स्य विभाग के द्वारा तमाम तरह की योजनाएं चलाई जा रही है, जिसके चलते आज झांसी से आए अधिकारियों ने महिलाओं को संबोधित कर योजनाओं का लाभ दिलाने की अपील की। मत्स्य विभाग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी के लिए मत्स्य विभाग संपर्क करें। निशुल्क बीमा कारण एवं परिवार को सुरक्षित करने के लिए मत्स्य बीमा योजना का लाभ लें एवं मत्स्य विभाग द्वारा चलाई जा रही तमाम योजना का लाभ लेकर स्वावलंबी बने।

# किसानों के हितार्थ उत्तर प्रदेश राज्य में प्राइस सपोर्ट स्कीम लागू

**ललितपुर।** पीएसएस के तहत मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गतः किसानों के हितार्थ उत्तर प्रदेश राज्य में प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में जनपद में दलहन-तिलहन (मूंग, उरद, तिल एवं मूंगफली) की खरीद हेतु स्टेट क्रय एजेन्सी यूपीपीसीएफ, यूपीपीसीयू एवं उप्र उपभोक्ता सहकारी संघ लि. लखनऊ (यूपीएसएस) द्वारा जनपद के कृषकों की सुविधा हेतु 18 क्रय केन्द्रों क्रमशः अमरपुर मण्डी-02, नगवॉस मण्डी-01, मड़ावरा मण्डी-05, महरौनी मण्डी-1, नाराहट मण्डी-1, गौना-1, राखपंचमपुर मण्डी-1, बरौदा मण्डी-1, बानपुर मण्डी-2, जाखलौन मण्डी-2 एवं समिति परिसर एट कल्यानपुरा-1 के क्रय केन्द्र खोले गये हैं। केन्द्रों पर कृषक न्यूनतम समर्थन मूल्य मूंग-8768.00 रुपए प्रति कु., उरद-7800.00 रुपए प्रति कु., तिल-9846.00 रुपए प्रति कु. एवं मूंगफली-7263.00 रुपए प्रति कु. पर अपनी उपज का विक्रय सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन कर सकते है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, ललितपुर। खरीद हेतु स्टेट क्रय एजेन्सी यूपीपीसीएफ, यूपीपीसीयू एवं उप्र उपभोक्ता सहकारी संघ लि० लखनऊ द्वारा जनपद के कृषकों की सुविधा हेतु 18 क्रय केन्द्रों क्रमशः अमरपुर मण्डी-02, नगवॉस मण्डी-01, मड़ावरा मण्डी-05, महरौनी मण्डी-1, नाराहट मण्डी-1, गौना-1, राखपंचमपुर मण्डी-1, बरौदा मण्डी-1, बानपुर मण्डी-2, जाखलौन मण्डी-2 एवं समिति परिसर एट कल्यानपुरा-1 के क्रय केन्द्र खोले गए हैं।

## मंत्र उच्चारण व निकाह पढ़ने के साथ दांपत्य सूत्र में बंधे 332 जोड़े, जनप्रतिनिधि व अधिकारीगणों के साथ लोगों ने दिया आशीर्वाद

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत जनपद में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ संपन्न

प्रत्येक जोड़े को 1 लाख रुपए का आर्थिक लाभ देकर सुखद दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत बुधवार को जनपद को प्राप्त 330 लक्ष्य के सापेक्ष आज जनपद के गिन्नौट बाग में 332 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष तालबेहट पुनीत सिंह परिहार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सौनाली जैन, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान सहित अन्य अधिकारीगणों ने भगवार गणेश का पूजन कर वर-बधु को सुखद दाम्पत्य जीवन का आर्शीवाद दिया।

जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में अब तक का सबसे बड़ा आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसके लिए पूर्व से ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई थीं, व्यवस्थाओं के लिए पंचायती राज विभाग, नगर पालिका, पूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को तैनात किया गया और आयोजन स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया, साथ ही बायोमेट्रिक मशीन व फेस रीडर के माध्यम से जोड़ों का सत्यापन कराया गया। आयोजन में पूरे विधिविधान से धार्मिक रीतिरिवाजों के साथ नवयुगलों का विवाह और निकाह सम्पन्न कराया गया और योजनान्तर्गत प्रत्येक जोड़े को 01 लाख रुपए की धनराशि का लाभ दिया गया, जिसमें से 60 हजार रुपए कन्या के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजा गया, 25 हजार के उपहार, गृहस्थी का सामान व कपडे आदि पर व्यय हुए तथा शेष 15 हजार से आयोजन व भोजन आदि पर व्यय किये गए।

कार्यक्रम में 332 नवयुगलों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिनमें नगर पालिका के 80, नगर पंचायत पाली के 04, नगर पंचायत महरौनी के 02, नगर पंचायत तालबेहट के 05, विकासखण्ड जखौरा के 57, विकासखण्ड महरौनी के 30, मड़ावरा के 34, तालबेहट के 44, बार के 44 और बिरधा के 32 जोड़े शामिल हैं। कार्यक्रम में आर्शीवाद देते हुए मा0 राज्यमंत्री ने कहा कि आज जनपद ललितपुर की पावन भूमि पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, सभी जोड़े अपने परिवारजनों की सेवा करें, उनके साथ मधुर व्यवहार करें और सुखमय जीवन व्यतीत करें।

सदर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आज यहां बिना किसी भेदभाव के सभी समुदाय के जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है, सबका साथ-सबका विकास ही हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों के सपने साकार कर रही है, वर्तमान प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के द्वारा जनता के कल्याण के लिए जो भी कार्य कराये जा रहे हैं, वे सराहनीय है, जिनका लाभ आज प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सीधे मिल रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि आज बहुत खुशी का मौका है कि एक ही स्थान पर हर समुदाय के जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हो रहा है। जिलाधिकारी ने सभी नवयुगलों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आगे भी इसी प्रकार के आयोजनों के माध्यम से छूटे हुए पात्र जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया जाएगा।

## आंध्र प्रदेश की पारंपरिक कलाकृति में उकेरी थी चित्रकला

# ललितपुर के आर्यन साहू उज्जैन में कालिदास सम्मान से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





जिले के लिए यह गर्व का क्षण है जब जनपद के युवा चित्रकार आर्यन साहू पुत्र विनोद कुमार 22 वर्ष को उज्जैन में आयोजित कालिदास समारोह में चित्रकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रतिष्ठित कालिदास सम्मान के साथ उन्हें 1 लाख की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें उनकी विशिष्ट कृति मालविका अग्निमित्रम (संपूर्ण) के लिए प्रदान किया गया, जो कला मुखरी शैली में ललितपुर के आर्यन साहू उज्जैन में कालिदास सम्मान से सम्मानित किया गया।

जिले के लिए यह गर्व का क्षण है जब ललितपुर के युवा चित्रकार आर्यन साहू पुत्र विनोद कुमार 22 वर्षको उज्जैन में आयोजित कालिदास समारोह में चित्रकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रतिष्ठित ह्यकालिदास सम्मानह्न से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के अंतर्गत उन्हें 1 लाख की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी विशिष्ट कृति मालविका अग्निमित्रम् (संपूर्ण) के लिए प्रदान किया गया, जो कला मुखरी शैली में निर्मित है। यह शैली आंध्र प्रदेश की पारंपरिक लोकचित्रकला मानी जाती है, जिसमें प्राकृतिक रंगों का प्रयोग और कपड़े पर हाथ से चित्रांकन किया जाता है। यह कला भारतीय संस्कृति और लोककथाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है। विगत शुक्रवार को उज्जैन में आयोजित कालिदास समारोह के समापन सत्र के दौरान संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विशिष्ट अतिथि निगम सभापति कलावती यादव तथा अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने की। मंच पर महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, कालिदास समिति सचिव डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप नागर द्वारा किया गया।

ललितपुर के लक्ष्मीपुरा निवासी मात्र 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि प्राप्त कर आर्यन ने अपने परिवार, गुरुजनों और पूरे ललितपुर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरे पिता विनोद माता रजनी साहू व मेरे गुरुओं और मेरे शहर ललितपुर का है। मैं आगे भी अपनी कला के माध्यम से समाज को जोड़ने और प्रेरित करने का प्रयास करता रहूंगा। पुरस्कार मिलने पर स्थानीय कला शिक्षकों, साहित्यकारों और युवाओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आर्यन जैसे युवा कलाकार आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। यह शैली आंध्र प्रदेश की पारंपरिक लोकचित्रकला मानी जाती है, जिसमें प्राकृतिक रंगों का प्रयोग और कपड़े पर हाथ से चित्रांकन किया जाता है। यह कला भारतीय संस्कृति और लोककथाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है।

विगत शुक्रवार को उज्जैन में आयोजित कालिदास समारोह के समापन सत्र के दौरान संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विशिष्ट अतिथि निगम सभापति कलावती यादव तथा अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने की। मंच पर महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, कालिदास समिति सचिव डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप नागर द्वारा किया गया। ललितपुर के लक्ष्मीपुरा निवासी मात्र 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि प्राप्त कर आर्यन ने अपने परिवार, गुरुजनों और पूरे ललितपुर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है।


# भारतीय किसान संघ ने दिया ज्ञापन



**ललितपुर।** भारतीय किसान संघ ने जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन भेंट किया जिसमें क्रय केंद्र खोले जाने के साथ-साथ किसानों को अपनी उपज का सही जो मूल्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया उस पर खरीद की जानी चाहिए। पिछले वर्ष खरीद केदो पर किसानों से 1000 से लेकर 2000 तक अवैध वसूली की गई और और किसानों की उपज खरीदने की जगह मंडी के दुकानदारों ने सस्ते दामों में खरीद कर माल रख लिया था वही माल क्रय केदो पर बड़े स्तर बेचा गया। जिससे वास्तविक किसान परेशान रहे और उन्होंने धरना प्रदर्शन किया मगर नतीजा जीरो रहा। इस वर्ष शासन की मंशा के अनुसार खरीद केदो पर किसानों की उपज की खरीद की जानी चाहिए भारतीय किसान संघ के महासचिव हरपाल सिंह के साथ केहर सिंह बुंदेला आदि उपस्थित थे।

## प्रशासन के सहयोग से समारोहपूर्वक मना मुक्तिबोध का जन्मोत्सव

# अपने ही घर में अभागे गजानन, लापरवाही की दीमक खा गई साहित्य शिरोमणि की यादें



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर,

13 नवंबर को श्योपुर में जन्मे और देश भर में विख्यात हुए साहित्यकार गजानन माधव मुक्तिबोध का जन्मोत्सव प्रशासन के सहयोग से गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर साहित्यिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। देश भर में श्योपुर का नाम रोशन करने वाले इस साहित्यकार को याद करना के लिए प्रशासन जो कदम उठाया है वह सराहनीय है पर श्योपुर की इस धरोहर को हमने क्या दिया इस पर भी चिंतन मनन करने की जरूरत है क्या एक आयोजन भर कर लेने से हम अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर लेते हैं?, जिस शहर में उन्होंने जन्म हुआ उस शहर के लोगों ने ही उनकी धरोहर को ही मिटा दी विगत 50 सालों से नगर पालिका द्वारा उनके नाम से संचालित (गजानंद माधव मुक्तिबौद्ध वाचनालय एवं पुस्तकालय) को पहले दयनीय हालत में पहुंचाया गया और बाद में उसे बंद कर सिर्फ किताब और अखबार वाचनालय के नाम से खरीद कर अफसर के घर पर पहुंचाने का काम नगरपालिका परिषदें करती रही और अब उनके नाम पर बनाई गई धरोहर जयस्तंभ वाली बिल्डिंग को भी बेचने का काम नगरपालिका परिषद ने कर डाला है जिससे उनके नाम का अंश भी शायद श्योपुर से मिटा डालने का काम परिषद ने कर डाला।

गजानंद माधव मुक्तिबोध का जन्म 13 नवंबर 1917 को श्योपुर के वार्ड नं 3 फूटा मुकासा में हुआ वह एक पुलिस अधिकारी माधवराव और पार्वती बाई के बेटे थे। विगत लंबे समय तक प्राथमिक स्कूलों की किताबों में गजानंद मुक्तिबोध की जीवनी बच्चों को पढ़ाई जाती थी लेकिन बाद में उक्त जीवनी को क्यों और किन कारणों से पाठ्यक्रम से हटा दिया यह आज तक किसी के समझ में नहीं आया है।करीब 50 साल पहले गजानन माधव मुक्तिबौद्ध वाचनालय एवं पुस्तकालय का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के माध्यम से किया गया था तब जय स्तंभ पर स्थित बिल्डिंग में उक्त वाचनालय संचालित किया जाता था पर बाद में श्योपुर को मिली बीएसएनएल की सौगात के चलते वाचनालय को नगर पालिका भवन के ऊपरी तल पर शिफ्ट कर दिया गया तब से ही उक्त वाचनालय की दुर्गति के दिन शुरू हो गए बाद में वाचनालय को ताला ही लगा दिया गया हालांकि कागजों में अभी तक वो संचालित है और उसके नाम से आने वाले अखबार और किताबों के भुगतान नगर पालिका तो करती भी है लेकिन इसे पढ़ने का काम या तो अधिकारी करते हैं या फिर नगर पालिका परिषद के जनप्रतिनिधि जिनके घरों पर यह भेजे जाते हैं।



### कृष्णा पैलेस में आयोजित हुई काव्य गोष्ठी

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जिले में साहित्यक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढावा देने के उद्देश्य से दिये गये निर्देशो के क्रम में हिन्दी साहित्य के प्रमुख कवि, आलोचक, निबंधकार, कहानीकार तथा उपन्यासकार गजानन माधव मुक्तिबोध के जन्मदिवस के अवसर 13 नवंबर को उनके जन्म स्थान श्योपुर में गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रूपेश उपाध्याय ने बताया कि गजानन माधव मुक्तिबोध की जन्मस्थली श्योपुर में उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 13 नवंबर को कृष्णा पैलेस श्योपुर में मुक्तिबोध के काव्य वैभव पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बाहर से साहित्यकार पर बुद्धजीवी वर्ग ने भागीदारी की।

### गली का नामकरण भी उनके नाम से नहीं

यहा बता दें कि श्योपुर में गजानन माधव मुक्तिबोध का जन्म जिस घर में हुआ उस घर में आज कोई और परिवार रहता है लेकिन उक्त घर के भीतर पुराने समय में लगे सहजन के पेड़ की वजह से गली का नाम सेजने वाली गली ही पड़ गया। निर्वाचन नामावली में भी उक्त क्षेत्र का नाम सेजने वाली गली के नाम से दर्ज है। और जिस घर में गजानंद का जन्म हुआ उस घर को भी सेजने वाला घर बोलकर संबोधित किया जाता है। गजानंद के नाम पर गली का नामकरण तक नहीं कराना दर्शाता है कि राजनेताओं और जिम्मेदारों के मन में उनके प्रति आस्था का कितना दिखावा है।

## तीन साल पुराने मामले में श्योपुर के विशेष न्यायालय ने सुनाया फैसला

# दुकान में घुसकर लूट करने वाले बदमाश को तीन साल का कठिन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दुकान में घुसकर लोहे की रॉड का डर दिखाकर गल्ले से रूपए लूटने वाले बदमाश को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने तीन साल के कठिन कारावास की सजा सुना दी है। साथही तीन हजार रूपए का अर्थदंड भी रोपित कर दिया है। तीन साल पुराना यह मामला शहर श्योपुर के पटेल चौक के पास पाली रोड का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने की है।



मामले के अनुसार यह घटना 8 दिसंबर 2022 को शाम के समय तब घटित हुई, जब एक दुकानदार अपनी किराने की दुकान में मौजूद था, तभी दुकान के अंदर लोहे की रॉड लेकर घुसे बदमाश ने दुकानदार को रॉड का डर दिखाकर गल्ले से रूपए निकालना शुरू कर दिया। तभी दुकानदार के चिल्लाने पर आसपास के लोगो ने दौडकर दुकान में घुसे बदमाश को पकड लिया और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम अनवर उर्फ पटरी पुत्र जफर अली निवासी गिरधरपुर हाल पीली कोठी के पीछे श्योपुर बताया है। कोतवाली पुलिस ने अनवर के खिलाफ लूट की धाराओं में मामला दर्ज कर चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में प्रस्तुत किया। विशेष न्यायालय ने विचारण के दौरान आरोपी अनवर उर्फ पटरी को दोषी मानते हुए तीन साल के सश्रम कारावास और 3 हजार के अर्थदंड की सजा सुना दी।

# भागवत कथा में छाया बाल लीलाओं का मोद,गोवर्धन पूजन की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

योग योगेश्वर प्रभु श्री कृष्ण की बाल लीला के हर प्रसंग के पीछे एक संदेश है। हर संदेश में एक प्रेरणा है। विशेष रूप से प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की। फिर चाहे वो यमुना जी को कालियादेह के विष प्रभाव से मुक्त करना हो अथवा गौवंश और गोवर्धन पर्वत को ईश्वर रूप में पूजित व प्रतिष्ठित करना। यह संदेश भागवत प्रेमियों को गुरूवार को कथा व्यास पंडित चैतन्य किशोर कटार ने श्रीमद भागवत कथा के प्रचवन के दौरान दिया।

भगवान बाल कृष्ण की विविध लीलाओं से लेकर गोवर्धन पूजन तक के प्रसंग गुरुवार को पंचम दिवस दिव्य भागवत कथा का केंद्र बने। पंडित चैतन्य किशोर कटारे ने प्रत्येक प्रसंग को ब्रजमंडल के भजनों, श्री गिरिराज पूजन के धार्मिक गीतों व सरस दृष्टांतों से मोदपूर्ण बनाया। जिसमें संगत कलाकारों का भी योगदान रहा। ₹श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रयो₹, ₹छटा तेरी तीन लोक से न्यारी है₹ और ₹मै तो गोवर्धन को जाऊं म्हारा वीर₹ जैसे भजनों पर भक्तजनों ने नृत्य का भी आनंद लिया।ओछापुरा वाले गर्ग परिवार के सौजन्य से जयश्री पैलेस में आयोजित भागवत कथा के षष्ठम दिवस शुक्रवार को महारास, कंस वध, उद्धव चरित्र व कृष्ण रुकमणी विवाह जैसे प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। समापन बिंदु की ओर अग्रसर इस पावन आयोजन में व्यापक भागीदारी का आह्वान श्रद्धालु परिवारों से किया गया है



# प्रशासन ने जेसीबी चलाकर मिट्टी में मिलाई भंडारित करके रखी 50 ट्रॉली रेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

गुरूवार को प्रशासन की टीम ने अवैध रेत कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध तरीके से भंडारित करके रखी गई 50 ट्रॉली रेत को जेसीबी चलाकर मिट्टी में मिलाने का काम किया। प्रशासन की टीम ने यह कार्रवाई बडौदा थाना क्षेत्र में ग्राम कुहांजापुर में की गई।



कलेक्टर अर्पित वर्मा और एसपी सुधीर अग्रवाल को सूचना मिली कि पार्वती नदी से अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है। इस सूचना पर गंभीर हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद गुरूवार की सुबह जिला खनिज अधिकारी राजेश कुमार गंगेल, नायब तहसीलदार बडौदा सुरेश राठौर, थाना प्रभारी बडौदा सत्यम सिंह गुर्जर अपनी अपनी टीम के साथ पार्वती नदी किनारे पहुंच गए, जहां उन्हें कोई अवैध रूप से रेत निकालकर ले जाती ट्रैक्टर ट्रॉली तो नहीं मिली, लेकिन कुहांजापुर गांव में सरकार जमीन पर अवैध रूप से भंडारित करके रखी गई करीब 50 ट्रॉली मिली। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि यह रेत पार्वती नदी से ही अवैध रूप से ही निकालकर रखी गई है। बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि जेसीबी चलाकर भंडारित करके रखी गई उक्त रेत को मिट्टी में मिला दिया और नदी में जाने वाले रास्ते गड्ढे खोदकर बंद करवा दिए गए

# ससुर ने की छेडछाड, बहू ने दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

कोतवाली थाना क्षेत्र में एक ससुर के द्वारा अपनी नव विवाहिता बहू के साथ छेडछाड किए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि यह मामला दीपावली की भाईदौज के दिन का बताया जा रहा है, लेकिन बहू के द्वारा इस मामले की एफआईआर अब जाकर कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई है। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि श्योपुर निवासी नव विवाहिता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी इसी साल मई माह में हुई थी। घटना भाईदौज के दिन की है, जब वह कमरे में अकेली थी, तभी ससुर ने कमरे में आकर उसका बुरी नियत के इरादे से हाथ पकड लिया। पति और सास के आने की आवाज आने पर ससुर चले गए। इसके पहले भी ससुर इस तरह की हरकत कर चुके है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# बहरावदा में चले लाठी डंडे, तीन लोग जख्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के गांव बहरावदा में गुरूवार को खेत में घुसी गाय को भगाने की बात पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्ष के लोगो के बीच लाठी डंडे चल गए। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि विवाद के दौरान एक पक्ष से जहां रूकमाल मीणा घायल हुआ है। वहीं दूसरे पक्ष से धर्मराज मीणा और उसका भतीजा जसवीर जख्मी हुआ है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में पुलिस ने धर्मराज मीणा पुत्र राधेश्याम मीणा की रिपोर्ट पर एलकार, रामराज, रूकमाल, राहुल, रामजीलाल के खिलाफ तथा रूकमाल पुत्र गप्पूलाल मीणा की रिपोर्ट पर रामअवतार, पहलवान, भूरिया, धर्मराज, जसवीर के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

## भूतपूर्व सैनिकों का कल्याण हमारी प्राथमिकता:अर्पित



**श्योपुर।** भूतपूर्व सैनिको का कल्याण हमारी पहली प्राथमिकता है, देश की सुरक्षा में अपना योगदान देने वाले भूतपूर्व सैनिको की यदि कोई स्थानीय स्तर की समस्याएं है तो उन्हें अवगत कराये, जिससे उनका निराकरण किया जा सके। यह बात कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कही,वे गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित भूतपूर्व सैनिको के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मुरैना एवं श्योपुर ग्रुप कैप्टन एमआर पाण्डेय एवं श्योपुर जिले के निवासी भूतपूर्व सैनिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान ग्रुप कैप्टन एमआर पाण्डेय ने भूतपूर्व सैनिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने सभी भूतपूर्व सैनिकों से आग्रह किया कि वे सेवानिवृत्ति दस्तावेजों, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं समग्र आईडी में अपने एवं परिवार के विवरण की जाँच कर लें। यदि कोई विवरण मेल नहीं खाता है, तो वे भविष्य में इससे संबंधित किसी भी समस्या से बचने के लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु तत्काल जिला सैनिक कल्याण कार्यालय मुरैना से संपर्क करें।इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों ने आम जनता के हित में अपनी व्यक्तिगत एवं अन्य समस्याओं पर चर्चा की, जिनके निदान का आश्वासन जिला प्रशासन द्वारा दिया गया।

# श्योपुर में कांग्रेसियों ने कुंभकरण को जगाने का किया नाटक,कराहल में घेरा तहसील कार्यालय





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

फसल मुआवजा को लेकर किसान कांग्रेस द्वारा दिए जा रहे धरना प्रदर्शन में गुरुवार को जिला मुख्यालय पर जहां विधायक बाबू जंडेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कुंभकरण को नींद से जगाने का नाटक मंचन किया वहीं विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी के नेतृत्व में कराहल मुख्यालय पर तहसील का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस दौरान तहसील पर अधिकारियों के नहीं मिलने से कांग्रेसियों ने नाराज होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

किसान कांग्रेस द्वारा बे मौसम बारिश से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा किसानों को दिलाने को लेकर चलाए जा रहे धरना प्रदर्शन में गुरुवार को कुम्भकरणीय नाटक का मंचन किया गया। विधायक बाबू जंडेल के नेतृत्व में आयोजित हुए इस प्रदर्शन में पहले तो एक कार्यकर्ता को कुंभकरण बनाकर गहरी नींद सुलाने का नाटक कराया गया और उसके कानों पर बांसुरी बजाकर नींद से जगाने का जोरदार नाटक मंचन हुआ। बाद में कुंभकरण रूपी कार्यकर्ता को बाजार में भी घुमाकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि प्रदेश की मोहन सरकार को किसानो की बिल्कुल चिंता नहीं है किसान बर्बाद हो गया है उसकी धान की फसल तो बर्बाद हुई है रबी फसल की भी पानी भरने से बोवनी नहीं हो पा रही है। जमीन गीली होने के चलते बावटा नहीं ले पा रही है। ऐसी स्थिति में सरकार को किसान का सहारा बनना चाहिए लेकिन कॉरपोरेट जगत से साठगांठ रखने वाली भाजपा की सरकार को किसानों से कोई सरोकार नहीं है किसानो की ओर से आंख मूंद कर सोई मोहन सरकार को जगाने के लिए कुंभकरणीय नाटक का मंचन करना पड़ा। इस दौरान किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे।

### जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर को कॉल किया तब लिया ज्ञापन

पे मौसम बारिश से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा दिलाने सहित विभिन्न मांगों के लिए ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेसियों को कोई ज्ञापन लेने वाला ही तहसील कार्यालय में नहीं मिला जिसके चलते उन्हें 1 घंटे तक तहसील पर धरना देना पड़ा बाद में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने कलेक्टर को फोन कर बताया कि हम तहसील कार्यालय में बैठे हैं और यहां पर कोई ज्ञापन लेने वाला नहीं है तब एसडीएम ने पहुंच कर ज्ञापन लिया कर्मचारियों ने बताया कि एसडीएम कलेक्टर के निर्देश पर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था चेक करने गए हुए थे इसलिए तहसील पर नहीं मिले ज्ञापन में भाजपा के एक नेता द्वारा आदिवासियों की जमीन पर कब्जा करने और उसे भू माफिया के साथ मिलकर बेचने का धंधा करने का आरोप लगाते हुए संबंधित पर एफआईआर दर्ज करने उसके कब्जे में गरीब आदिवासियों की जमीनों को छुड़ाने की मांग भी शामिल की गई है।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने यातायात पुलिस ने पहली बार उठाया ऐसा कदम

# शहर के ट्रॉली निर्माताओं को नोटिस, ट्रॉलियों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

जिले की सडकों पर आए दिन होने वाली सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ट्रैफिक पुलिस ने एक नया कदम उठाते हुए शहर के ट्रॉली निर्माताओं के नोटिस थमाया है और उन्हें नवीन ट्रॉलियों में पीछे की तरफ रेट्रो रिफ्लेक्टिव पेंट अथवा रेडियम रिफ्लेक्टर आवश्यक रूप से लगाए जाने की सख्त हिदायत दी है। इसके अलावा ट्रैफिक थाने की पुलिस टीम ने जैदा कृषि उपज मंडी में पहुंचकर किसानों की ट्रॉलियों के पीछे रेडियम रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए।

दरअसल पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने जिले में आए दिन होने वाली सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात थाना पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में ट्रैफिक थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत गुरूवार को अपने थाने की पुलिस टीम के साथ शहर में ट्रॉली निर्माताओं की दुकानों पर पहुंचे। जहां उन्हें सभी बनाई जा रही ट्रॉलियों का निरीक्षण किया और ट्रॉलियों के पीछे रेडियम रिफ्लेक्टर न लगाए जाने पर खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए शहर के दर्जनभर से अधिक ट्रॉली निर्माताओं को नोटिस जारी कर दिए है। साथही यह भी हिदायत दी गई कि अब सभी नव निर्मित ट्रॉलियों के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव पेंट करे या फिर रेडियम रिफ्लेक्टर आवश्यक रूप से लगाए जिससे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। जो भी ट्रॉली निर्माता इस हिदायत के बाद भी ऐसा नहीं करेगा,उस ट्रॉली निर्माता के खिलाफ कडी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### ट्रॉलियों के पीछे टकराने से हो जाते हैं कई हादसे

यहां बता दे कि जिले की सडकों पर चलने वाली कई ट्रॉलियों के पीछे न तो इंडिकेटर लगे होते है और न ही ब्रेक लाइट लगी होती है। जिसकारण कई बार दो पहिया वाहन सहित अन्य कई वाहन ट्रॉलियों में पीछे से टकराकर दुर्घटना के शिकार हो जाते है। ऐसे कई हादसे अब तक श्योपुर जिले में घटित हो चुके है। इन हादसों में कई लोगो की जान तक चली गई है। ट्रैफिक पुलिस का मानना है कि ट्रॉलियों के पीछे रेडियम रिफ्लेक्टर लगा होगा तो पीछे आने वाले वाहनों को पता चल जाएगा कि उनके आगे कोई ट्रॉली जा रही है और वे फिर सावधान होकर वाहन चलाएंगे।

### मंडी में पहुंची टीम,किसानों को दी समझाइस



ट्रॉली निर्माताओं को नोटिस के साथ हिदायत देकर ट्रैफिक थाने की पुलिस सीधे जैदा स्थित कृषि उपज मंडी में पहुंची, जहां 250 के करीब किसानों की ट्रॉलियों के रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। इसके साथही यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश देते हुए राहवीर एवम हिट एंड रन प्रतिकर योजना तथा यातायात नियमों के पंपलेट वितरित किए गए। ट्रैफिक प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि रात्रि के दौरान कई बार ट्रॉलियो में पीछे से वाहन टकरा जाते है। ऐसे हादसे न हो,इसके लिए किसानों की ट्रॉलियों के पीछे रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए है।

स्कूल चलें हम अभियान

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**कार्यालय कलेक्टर जिला शिक्षा केन्द्र श्योपुर (म.प्र.)**

दूरभाष- 9752117745 E-Mail ID :- zsksprmp@gmail.com

क्रमांक. 5519A/ जिशिके / बाशि/2025 श्योपुर दिनांक 7/11/25

**// विज्ञापन//**

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश के पत्र क्र/राशिके / एसजीयू/2021/3163 दिनांक 11.06.2021 एवं पत्र क्र 2084 दिनांक 09.05.2025 मे प्रदाय निर्देशानुसार जिले में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावासों में रिक्त सहायक वार्डन (प्रतिनियुक्ति) पदों हेतु निम्नानुसार आर्हताधारी जिला श्योपुर अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग में कार्यरत शिक्षकाओ से आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर आमंत्रित किए जाते है। अभ्यार्थी को अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप जिला शिक्षा केंद्र श्योपुर से प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा, निर्धारित समय-सीमा पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रो पर विचार नही किया जायेगा। निर्धारित उक्त रिक्त पद के लिये आर्हताओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | छात्रावास का नाम व पता | रिक्त पद संख्या | नियुक्ति के लिए न्यूनतम आर्हता | पदस्थापना व वेतन व्यवस्था |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाईप-3 बाईपास रोड श्योपुर, जिला श्योपुर | 01 (महिला शिक्षिका) | 1. स्कूल जिला विभाग व आदिम जाति कल्याण मे कार्यरत शिक्षिकाए 2. न्यूनतम आयु सीमा 35 वर्ष। 3. स्नातक एवं डीएड / बीएड को प्राथमिकता। 4.आवेदिका की विभागीय जांच अपराधिक प्रकरण प्रचलित नही हो तथा पूर्व में किसी अनियमितता के कारण दंडित नहीं हुई हो। 5.शैक्षणिक पद पत्र पर कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो। 6.आवेदिका बालिकाओ की देखभाल करने में सक्षम हो एवं पढाई में भी सहयोग कर सकें। 7.आवेदिका छात्रावास मे पूर्ण कालिक रूप से रहने हेतु सहमति, सहृदय, सेवा भायी हों। | 1. सहायक वार्डन (प्रतिनियुक्ति) अवधि अधिकतम 03 वर्ष की होगी। 2. वेतन व्यवस्था यथावत रहेगी जिस विद्यालय से वेतन आहरित होता रहा है। वही से वेतन आहरित होगा। 3. छात्रावास में अनिवार्यत: पूर्णकालिक निवास करना होगा तथा स्वयं के 10 वर्ष से कम आयु के बच्चे को ही साथ रहने की पात्रता होगी। |
| 2. | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाईप 3 कार्या. जनपद पंचायत भवन के पास कराहल जिला श्योपुर | 01 (महिला शिक्षिका) | | |
| 3. | नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास शास.उ.मा.वि परिसर बडौदा | 01 (महिला शिक्षिका) | | |

विस्तृत सेवा शर्तो के लिए जिला शिक्षा केंद्र श्योपुर में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है, प्रतिनियुक्ति संबंधित किसी भी विवाद की दशा में अंतिम निर्णय कलेक्टर / जिला मिशन संचालक श्योपुर का मान्य होगा।

**जिला परियोजना समन्वयक**
**जिला शिक्षा केन्द्र श्योपुर (म.प्र)**

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करमई निवासी जितेन्द्र यादव आउॅट सोर्स ऑपरेटर सेमरा हाट विधुत सब स्टेशन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विधुत वितरण केन्द्र सेमरा हाट पर धर्मेन्द्र और कृष्णपाल सिंह रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रसीदपुर मोहरी निवासी बली मोहम्मद खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आशिक मोहम्मद, अली मोहम्मद, सवाना बानो, सानिया बानो ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बामौरी निवासी दीपक अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयसिंह, परमाल और राजा अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम बायबेनी निवासी गोपाल सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राम निवास लोधी ने उससे मारपीट की जिससे उसे फ्रेक्चर हो गया। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज किया है। इसी प्रकार देहात थाने के अंतर्गत ग्राम अमाही धुर्रा निवासी कमलेश पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामू और भानू परिहार ने उससे मारपीट की जिससे उसे चोटें आईं है पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज किया है।

### कृषि भूमि को जोतने को लेकर दो पक्षों में हुआ था विवाद

# आपस में भिड़े दो पक्ष, हथियारों से किया हमला, एक व्यक्ति की मौत, 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम करैया बनैट में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस घटना में दोनों पक्षों के एक एक सदस्य की मौत हो गई जबकि 5 लोग घायल हैं जिन्हे जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया है। जिनका उपचार जारी है।

घटना के बारे में एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों की बीच यह संघर्ष हुआ है। इसमें दोनो पक्षों के एक एक सदस्यों की मौत हो गई है। जिसमें एक पक्ष की ओर से खिलन यादव उम्र 75 वर्ष निवासी करैया बनैट और दूसरे मृतक का नाम निवासी ग्राम महुआखेड़ा उम्र 25 वर्ष है। इस घटना में 5 लोग घायल है जिनका उपचार किया जा रहा है।

### ये है मामला

घटना के बारे में राजमहेन्द्र यादव ने बताया कि उस पर तलवार से कृष्णभान सिंह यादव ने हमला किया वह खेत पर जुताई करने गया था। उधर दूसरी ओर बताया गया है कि दूसरे पक्ष की ओर से पवन यादव ट्रेक्टर लेकर खेत जोतने पहुंच गया था। इस घटना में दोनों पक्षों की ओर से घातक हथियारों से हमला किया गया जिसमें दोनों पक्षों के 5 लोग घायल हुए है। जिनमें अक्षय यादव, राजमहेन्द्र आदि शामिल है। उधर दूसरे पक्ष की ओर से उनके भांजे ने बताया कि राजमहेन्द्र और कृष्णभान सिंह को उनके नानाजी द्वारा जमीन दी गई थी छोटे मामाजी को ट्रेक्टर चलाना नहीं आता इसलिए पवन को महुआखेड़ा से बुलाया था। इस घटना में धर्मवीर राजवीर आदि ने घातक हथियारों से हमला किया। उक्त मामले की पूरी जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि जिले में बोवनी का समय चल रहा है। इस घटना में एक भाई द्वारा मसूर बोई गई थी तो दूसरा भाई पंजा चलाने गया था। इस घटना में कृष्णभान सिंह यादव गंभीर रूप से घायल है और एक 16 वर्ष की किशोरी राधिका को भी चोटे आई हैं जिसका उपचार चल रहा है। राधिका ने बताया कि दूसरे पक्ष से 4 लोग थे। अक्षय यादव ने बताया कि दोनों पक्ष आपस में सगे भाई हैं।

### संदिग्ध व्यक्तियों की जांच व सतत गश्त

## मंदसौर मिल क्षेत्र में पुलिस ने बढ़ाई सतत सघन निगरानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सघन पुलिस निगरानी, गश्त और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा अपनी टीम के साथ मंदसौर मिल क्षेत्र में सघन कार्यवाही की गई। इस दौरान थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में मौजूद झोपड़पट्टी क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा वहां रह रहे लोगों की विस्तृत जानकारी संकलित की। क्षेत्र में निवासरत बाहरी व्यक्तियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

इस दौरान पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की। कई व्यक्तियों को शराब पीते हुए पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई, पकड़े गए लोगों को सख्त चेतावनी दी गई और भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की समझाइश दी गई। पुलिस मंदसौर मिल क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों की पहचान सुनिश्चित करने तथा क्षेत्र में सक्रिय संदिग्ध व्यक्तियों की सूची तैयार की जा रही है। जिन पर संदेह पाया जाएगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### यात्री 19 नवंबर तक कर सकते हैं आवेदन

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना संचालित की जा रही है। शासन द्वारा कामाख्या तीर्थ दर्शन यात्रा हेतु अशोकनगर को 250 तीर्थ यात्रियों का वर्थ कोटा निर्धारित किया गया हैं। तीर्थ यात्रा हेतु इच्छुक तीर्थयात्री 19 नवंबर तक आवेदन पत्र ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक मुख्य नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। कामाख्या तीर्थ दर्शन हेतु विशेष ट्रेन 3 दिसंबर को शिवपुरी एवं गुना से होते हुए कामाख्या के लिए रवाना होगी तथा 08 दिसंबर को वापिस लौटेगी।

किसानों ने मनमानी नीलामी बोली का आरोप लगाया

## किसानों ने सड़क पर जाम लगाया प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी में किसानों ने विरोध जताते हुए सड़क पर जाम लगाया। नई मण्डी के किसानों का यह विरोध प्रदर्शन दो व्यापारियों द्वारा मनमानी नीलामी बोली लगाने के आरोप को लेकर था। इस दौरान 2 घण्टे तक किसानों का यह विरोध प्रदर्शन चला।

दोपहर 12:30 बजे किसानों का विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ इस दौरान किसानो ने चंदेरी की नई गल्ला मण्डी के सामने अपने ट्रेक्टर खड़े कर दिए जिससे मार्ग से निकलने वाले वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। किसान नारे बाजी करते रहे जैसे ही इस बात की जानकारी प्रशासन और पुलिस को मिली दोनो ही विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाईस दी गई। इस दौरान किसानों का कहना था कि मण्डी में 56 लायसेंस धारी व्यापारी है किन्तु मण्डी माल की नीलामी बोली में शामिल होने के लिए दो ही व्यापारी पहुंच रहे हैं। उनके द्वारा खरीदी जा रही फसल के मनमाने दाम लगाए जा रहे हैं। जिससे उन्हें उनकी फसल का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। इस तरह का आरोप किसानों को था। किसानों का कहना था कि जब मण्डी में 56 व्यापारी हैं तो 2 ही व्यापारी क्यों माल खरीदने आ रहे हैं। किसानों ने इसमें इन व्यापारियों के एकाधिकार की आशंका जताई है। इस दौरान मौके पर तहसीलदार दिलीप दरोगा, एसडीओपी शैलेन्द्र शर्मा व टीआई मनीष जादौन मौके पर पहुंचे और किसानों की समस्या को सुना गया। किसानों ने बताया कि सभी व्यापारियों की उपस्थित नीलामी बोली में हो और पारदर्शिता के साथ उनका माल क्रय किया जाए। वहीं व्यापारियों ने भी किसानों पर अभद्रता का आरोपी लगाया।



## मतदाता पुनरीक्षण की जरूरत और बारीकियां समझ रहे ग्रामीण

**सेक्टर क्र 3 तुमेंन में विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रशिक्षण दिया**

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति द्वारा ग्राम पंचायत तुमेंन में सेक्टर क्रमांक 3 की प्रस्फुटन समिति तुमेंन में बैठक आयोजित की गई।जिसमें जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने बताया कि जन अभियान परिषद एवं जनता के बीच सेतु का काम करता है। जन अभियान जन सहयोग से ग्राम विकास के कार्य करे। मतदाता पुनरीक्षण कार्य मे बीएलओ के साथ मिलकर सहयोग करे। विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने जन अभियान परिषद की अवधारणा को विस्तार से बताया आज विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं को दिया गया। जिसमें बी एल ओ गोविंद राजपूत ने बारीकी से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का प्रशिक्षण दिया व ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में कौन-कौन सी समस्याएं आ रही है उसके बारे में भी स्पष्ट जानकारी दी और छात्रों से अपील की ग्रामीण क्षेत्र में इसका प्रचार प्रसार आप करें और बीएल ओ के साथ मिलकर कार्य करें। बैठक में संदीप सोपरा अध्यक्ष प्रस्फुटन समिति तुमेंन परामर्शदाता अरुण जैन अवतार सिंह, बलबीर सिंह यादव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### जिला अस्पताल में "सांस कार्यक्रम" का आयोजन

## निमोनिया से होने वाली बाल मृत्यु दर को कम करने के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



वुधवार को जिला अस्पताल अशोकनगर में "सांस कार्यक्रम" का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में डॉ. अलका त्रिवेदी ने सांस कार्यक्रम के उद्देश्यों, लक्ष्यों एवं इसके माध्यम से नवजात एवं बाल स्वास्थ्य सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम निमोनिया से होने वाली बाल मृत्यु दर को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो प्रत्येक स्वास्थ्य कर्मी की सक्रिय भूमिका से ही सफल हो सकती है। कार्यक्रम के नोडल जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने जिला स्तर पर सांस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत समुदाय स्तर पर जागरूकता, समय पर पहचान और शीघ्र उपचार पर विशेष बल दिया जाएगा, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह जन कल्याणकारी योजना तभी सफल होगी जब जनप्रतिनिधि, समाज और स्वास्थ्य विभाग मिलकर एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से इस दिशा में संपूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने भी नगर स्तर पर कार्यक्रम को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया, वहीं जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य की दिशा में विभागीय तत्परता की सराहना करते हुए इसे समाज हित में अत्यंत आवश्यक बताया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. भूपेंद्र शेखावत द्वारा जिला अस्पताल में सांस कार्यक्रम की सेवाओं के क्रियान्वयन हेतु बेहतर प्रबंधन की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संतोष रघुवंशी ने निमोनिया की रोकथाम एवं लक्षणों की पहचान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. नीतेश जैन ने निमोनिया उपचार की गंभीरता और त्वरित कार्रवाई के महत्व पर बल दिया।

## मल्टीपरपज स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स की भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त



**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में शंकरपुर पछार की 150 बीघा भूमि अतिक्रमण से मुक्त कर उक्त भूमि में से लगभग 30 बीघा जमीन खेल विभाग को आवंटन के साथ सीमांकन कर कब्जा सौंपा गया। शीघ्र ही इस भूमि पर मल्टीपरपज स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

### शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई और लैपटॉप तोड़ा

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम टाड़ा थाना चंदेरी निवासी पंचायत सचिव रावसाहब यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वीरन आदिवासी ने ग्राम गरेंठी के पंचायत भवन पर आकर शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई, लैपटॉप तोड़ दिया और अश्लील गालियां दी।

## एसडीएम अनुराग निंगवाल ने बीएलओ और सुपरवाइजर को दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करेरा


एसडीएम अनुराग निंगवाल ने करेरा तहसील में मतदान केंद्र क्रमांक 128 से 250 तक के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और सुपरवाइजर के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बीएलओ को फॉर्म भरने के निर्देश दिए और उनकी प्रगति की स्थिति की जानकारी ली। एसडीएम ने कहा कि एसआईआर सर्वे के प्रत्येक मतदाताओं को फॉर्म वितरण एवं एकत्र करने में सतर्कता रखे। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र के मतदाताओं के घर-घर जाकर शीघ्र सर्वे करे। इस दौरान नायब तहसीलदार विजय त्यागी, नगर पालिका अधिकारी गोपाल गुप्ता सहित, मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।



### महा आरती का हुआ आयोजन

## भैरव जयंती पर बाबा का किया गया विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले में वुधवार को कईं स्थानों पर भैरव जयंती का आयोजन किया गया। इस मौके पर नईसरायं तहसील मुख्यालय के प्राचीन शीतला माता मंदिर में माता के साथ में विराजमान भैरव बाबा का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मंदिर को दुल्हन की तरह सजाने के अलावा भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। शीतला माता मंदिर से क्षेत्र के हजारों भक्तों की आस्था जुडी हुई है भैरव बाबा का आकर्षक श्रृंगार किये जाने के साथ विशेष पूजा और आरती भी की गई। मंदिर के पुजारी राजा राम वैरागी ने बताया कि अष्टमी की सुबह भैरव बाबा का मंत्रोच्चार के साथ श्रृंगार किया गया। इसके बाद शाम को महाआरती की गई। महाआरती में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने घरों से आरती का थाल सजाकर मंदिर पहुंची और महा आरती में हिस्सा लिया। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही काल भैरव बाबा को जलेबी का भोग लगाया गया। वहीं महिलाओं द्वारा रात्रि में भजन कीर्तन भी किए गए।

### थूवोनजी में होगी भव्य गगन विहारी भगवान की रचना दर्शनोदय तीर्थ

# तुम जिसके पीछे दौड़ रहे हो वह गुलामियत है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने थूवोनजी में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि तुम जिसके पीछे दौड़ रहे हो यह गुलामियत का संकेत है तुम आगे चल रहे हैं और भीड़ तुम्हारे पीछे दौड़ रही है यह बादशाहत का संकेत है। हम दुनिया को छोड़ते गये दुनिया हमें पकड़ती चली गई। तुम दुनिया को पकड़ना चाहते हो दुनिया तुम्हारे लिए छोड़ देंगी। साधु महाराज ने दुनिया छोड़ दी तो दुनिया वाले साधु महाराज के पीछे लगे हैं जो पुण्य को छोड़ देते हैं पुण्य उनके पीछे चलने लगता है।

### तुम भोजन के लिए हो या भोजन तुम्हारे लिए है

उन्होंने कहा कि विचार करना है कि तुम दुनिया मैं रहते हो या दुनिया तुम्हारे में रहतीं हैं। तुम भगवान के पास जाते हो या भगवान तुम्हारे पास जाता है, धन तुम्हारे लिए है या तुम धन के लिए हो यदि तुम धन के लिए हो तो धन तुम से जो करायेगा वह तुम्हारे लिए करना पड़ेगा ।भोजन तुम्हारे लिए है या तुम भोजन के लिए हो तुम जीने के लिए खा रहे हो या खानें के लिए जी रहे हो तुम्हारे मन में धारणा आ जाए तुम भोजन के लिए जी रहे हो तो आपको भोजन के अनुसार चलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने पाप कर्म के उदय से मिलने वाली किसी भी वस्तु का त्याग नहीं किया लेकिन पुण्य कर्म के उदय से प्राप्त होने वाली सभी वस्तुओं का त्याग करने को कहा गया है। महावीर स्वामी ने हमें पाप कर्म के उदय से आने वाली किसी भी वस्तु का त्याग नहीं कराया जो कुछ भी संसारी वस्तुएं मिलती है सभी पुण्य कर्म के उदय से मिलती हैं

इस दौरान तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमणमुनिपुंगवश्रीसुधासागर जी महाराज के सान्निध्य में दिन प्रतिदिन नये नये आयाम खुलते जा रहे हैं। जहां विशाल पाषाण से निर्मित पंचमुखीविशाल जिनालयों एवं सिंह द्वार के साथ नन्दीश्वर दीप प्रज्वलन की रचना होगी। वहीं गगन विहारी भगवान की भव्य रचना थूवोनजी में होने जा रही है गगन विहारी भगवान के जिनालय का शिलान्यास भी सोलह नवम्बर को प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया के निर्देशन में होने जा रहा है। इस समवशरण में विहार करते हुए हुए भगवान की मुद्रा को देखकर अपने धारणाओं को मजबूत करना है इस रचना में दो सौ पच्चीस कमलो की रचना इन्द्रो द्वारा की जा रही है। क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री राजेन्द्र हलवाई प्रदीप जैन रानी सहित अन्य प्रमुख जनो इस उपस्थित रहने का निवेदन किया है।